Regarding demand for adequate pension for corporation employees

श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद (संत कबीर नगर) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं। उत्तर प्रदेश और देश भर में तमाम निगम के कर्मचारियों को जो पेंशन दी जाती है, वह 2 हजार, 3 हजार रुपये प्रति महीना दी जाती है। उत्तर प्रदेश में वे भूखमरी के कगार पर हैं। परिवहन निगम की जो रोडवेज की बसें चलती हैं, उन कर्मचारियों को आज तक पेंशन नहीं दी गई है। मैं आपके माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार और केन्द्र की सरकार से इस बाबत निवेदन करना चाहता हूं। लोगों ने जंतर-मंतर पर भी कई बार धरना-प्रदर्शन किया है। निगम के जो कर्मचारी हैं, उनको पेंशन सभी विभागों की तरह से दी जाए। धन्यवाद। जय हिंद, जय समाजवाद।